647510 **BRS5HinF011B** **Seat No :________**

**B.R.S. Semester - 5 (Remedial) (*CBCS*) Examination**

**March/April-2024 (NEW COURSE)**

**F-11 Hindi Literature & Language Correction(Foundation-11)**

**Time: 2:30 Hours** **Marks: 70**

**Instructions:**

1. All questions are compulsory.
2. Figures to the right indicate marks.

---

प्रश्न- १ निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर सूचनानुसार दीजिए । (१४)

(१) 'जो कला को जानता है' शब्द समूह के लिए एक शब्द दीजिए ।
(२) जिस के पाणि में वज्र है - शब्द समूह के लिए एक शब्द दीजिए ।
(३) 'चार राहों का समूह' शब्द समूह के लिए एक शब्द दीजिए ।
(४) 'अनुज' का विरुद्धार्थी शब्द दीजिए ।
(५) 'प्रेम' का विरुद्धार्थी शब्द दीजिए ।
(६) 'सतोगुण' का शुद्ध रूप लिखिए ।
(७) 'तत्सम' शब्द किसे कहते है ?
(८) कोइ एक तत्सम शब्द का उदाहरण दीजिए ।
(९) 'चीकु' शब्द किस भाषा से हिन्दी में आया है ?
(१०)'गरबा' शब्द किस भाषा से हिन्दीं में आया है ?
(११)'देराज' शब्द का उदाहरण दीजिए ।
(१२)'पर्ण; शब्द तत्सम है या तदभव ?
(१३)'भांगडा' किस भाषा का शब्द है ?
(१४)'युद्ध में स्थिर रहनेवाला' शब्द समूह के लिए एक शब्द दीजिए ।

प्रश्न- २ अनुवाद की परिभाषा देकर अनुवाद की उपयोगिता की विस्तृत चर्चा कीजिए । (१४)

अथवा

प्रश्न- २ साहित्य के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न- ३ निम्नांकित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए । (१४)

(१) संक्षेपण के गुण ।
(२) माँग ड्राफ्ट का भुगतान रोकने के लिए पत्र लिखिए ।
(३) हिन्दी विषय शिक्षण के लिए आवेदन पत्र लिखिए ।
(४) अनुवाद के अर्थ की विस्तृत चर्चा कीजिए ।
(५) अच्छे पत्र की विशेषताएँ ।

प्रश्न- ४ 'हिन्दी शब्द समूह' पर विस्तृत निबंध लिखिए ।

अथवा (१४)

प्रश्न- ४ पत्रों के प्रकारों की विस्तृत चर्चा कीजिए ।

प्रश्न- ५ निम्नांकित परिच्छेद का गुजराती में अनुवाद कीजिए ।

"समय का मूल्य क्या सोने-चांदी से परखा जा सकता है? कौन-सी बहुमूल्य वस्तु देकर हम बीते हुए समय को वापस ला सकते हैं? संसार की सब वस्तुएँ धन से खरीदी जा सकती है, पर क्या समय को इस धन से खरीदा जा सकता है ? नहीं, कदापि नहीं । समय संसार की वह संपति है, जिसका कोई मूल्य नहीं आँका जा सकता। इन कारणों से समय का ठीक उपयोग करना मनुष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है । (१४)

जो लोग समय का मूल्य नहीं जानते, वे या तो मूर्ख है या पागल । वह व्यक्ति पागल ही तो है । वह जहाँ कहीं भी जायेगा ऐसी अमूल्य वस्तु के महत्व को नहीं पहचानेगा । बुद्धिमान व्यक्ति समय के महत्व को जानते हैं और इसलिए वे इसे यों ही नहीं गँवा देते । जो समय को नष्ट करते है, समय उनको क्षमा नहीं करता और बदले में उन्हीं को नष्ट कर देता है । ऐसे तो संसार में अनगिनत पाप है पर समय नष्ट करना सबसे बडा महापाप है'' ।

*****************